बी.एच.डी.एस. –184 : रेडियो लेखन

**Skill Enhancement Course (CBCS) / BAM/ BAFHD**

पाठ्यक्रम :बी.एच.डी.एस.–184 (रेडियो लेखन)

# सत्रीय कार्य

## (जुलाई–2026 और जनवरी–2027 सत्र के लिए)

मनविकी विद्यापीठ
दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068

## हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम
## सत्रीय कार्य

प्रिय छात्र/छात्राओ! पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.एस.–184

'रेडियो लेखन' पाठ्यक्रम में आपको एक सत्रीय कार्य करना है। यह सत्रीय कार्य शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) है। सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किये गये हैं। उद्देश्य : सत्रीय कार्य का मुख्य उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप स्वयं उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं।उद्देश्य यह भी है कि अध्ययन के दौरान जो कुछ आपने सीखा और समझा है उसे आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

निर्देश : सत्रीय कार्य आरभं करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए :

1. ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए विस्तृत निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए।
2. टपनी उत्तरपुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दाएँ सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनांक लिखिए।
3. टपनी उत्तरपुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ के मध्य भाग में पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केन्द्र का उल्लेख कीजिए।
4. उत्तरपुस्तिका का प्रथम पृष्ठ निम्नप्रकार से शुरू होगा :

अनुक्रमांक : ................................................ पाठ्यक्रम का नाम/कोड : ..........................................
नाम : ........................................................ सत्रीय कार्यकोड : ..........................................
पता : ........................................................ अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड : ..........................................
........................................................ दिनांक : ..........................................

5. उत्तर के लिए केवल फुलस्केप के आकार के कागज़ का इस्तेमाल करें और उन कागज़ों को अच्छी तरह से बाँध लें।
6. प्रत्येक उत्तर के पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें और अपनी ही लिखावट में उत्तर दें।
7. सत्रीय कार्य पूरा करके जाँच के लिए अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक(Coordinator) के पास निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करा दें।

**सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि :**
**जुलाई 2026 सत्र के लिए : 31 मार्च, 2027**
**जनवरी 2027 सत्र के लिए : 30 सितम्बर, 2027**

**सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश**

सत्रीय कार्य में आपसे मुख्य रूप से तीन तरह के प्रश्न पूछे गए हैं। उत्तर देने के लिए आप निम्नलिखित विधि से तैयारी करेंगे तो आपके लिए लाभप्रद होगा :

1. **अध्ययन** : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में सभी खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से पुनर्व्यवस्थित कीजिए।
2. **अभ्यास** : अपने उत्तर का प्रारूप लिखने से पूर्वनोट की गई बातों पर विचार कीजिए।निबंधात्मक या टिप्पणी परक प्रश्नों में आरंभ और उपसंहार का विशेष ध्यान दीजिए।उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्ध और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें।उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो,
ख) वाक्यों और अनुच्छेदों (Paragraphs) के बीच स्पष्ट क्रमबद्धता हो,
ग) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा जो आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो।
घ) उत्तर प्रश्न में निर्धारित शब्दों से अधिक लंबा न हो, और
ङ) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

1. प्रस्तुति : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ तो उसको साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप ज़ोर देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित कर दीजिए।
2. विशेषः अपने उत्तर की फ़ोटोप्रति/कार्बन प्रति अपन`पास अवश्य रखें।

शुभकामनाओं सहित!

**नोट : याद रखें कि विश्वविद्यालय के नए नियमानुसार परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

# रेडियो लेखन
# सत्रीय कार्य
# (संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित)

पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.एस.–184
सत्रीय कार्यकोड : बी.एच.डी.एस.–184/2026–27
कुल अंक : 100

**नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

## खंड–'क'

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 800 शब्दों में दीजिए:** 2X20=40

1. **आकाशवाणी की नई सेवाओं के बारे में आप क्या जानते हैं? स्पष्ट कीजिए।**
2. **रेडियो समाचार की संरचना और महत्त्व पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।**

## खंड–'ख'

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 400 शब्दों में दीजिए :** 4X10=40

3. **उद्घोषणा में किन–किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है? उदाहरण के साथ समझाइए।**
4. **रेडियो वार्ता के लिए 500 शब्दों में एक स्क्रिप्ट तैयार कीजिए।**
5. **भेंटवार्ता के समय किन सावधानियों का ध्यान रखना आवश्यक होता है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।**
6. **किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 500 शब्दों में कमेंट्री की स्क्रिप्ट तैयार कीजिए।**

## खंड– ग

7. **निम्नलिखित पर 200 शब्दों में टिप्पणी लिखिए :** 4X5=20

(क) **रेडियो रूपक**

(ख) **डॉक्यूमेंट्री**

(ग) **कंपीयरिंग**

(घ) **रेडियो पत्रिका**